भीषण आग से कई एकड़ फसल जलकर राख

बाल-बाल बचे चार गांव: सिवनी, लखनादौन और नगर परिषद छपारा के तीन फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंच की घंटों जद्दोजहद

छपारा नवभारत। नगर से लगभग चार किलोमीटर दूर ग्राम गंगाढाना,खैरी टोला से 11 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई आग ऐसी बेकाबू हो गई और क्षेत्र में जमकर तांडव मचाया भीषण रूप ले आग समीप ग्राम छपारा खुर्द, छपारा कलां,बिछूआ, बर्रा और सादकसिवनी बैंनगंगा नदी के किनारे एन एच 44 फोरलेन सड़क पार करते हुए लगभग 6 किलोमीटर दूरी तक फैल गई जिससे ग्राम खैरी, छपारा खुर्द, छपारा कलां और बिछूआ गांव आग की जद में आते आते बाल बाल बच गए मौके पर छपारा नगर परिषद दमकल वाहन सहित सिवनी और लखनादौन से भी दमकल वाहन पहुंचे वहीं स्थानीय प्रशासन छपारा पुलिस थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद रहे मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 10 बजे से आग ग्राम खैरी के समीप देखी गई जो तेज हवा और तापमान में बढ़ोतरी से भीषण रूप ले लिया और बेकाबू हो गई मिली

जानकारी के अनुसार छपारा कलां में कृषक राजा ठाकुर की लगभग 15 एकड़ रकबे के खेतों में गैंहू की फसल जो कटाई हेतु तैयार थी वह जलकर राख हो गई वहीं खैरी गांव में पितेंद्र ठाकुर तीन गाय और एक बछिया बुरी तरह झुलस कर मृत हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर आग की चपेट से एक बड़े नुकसान को बचाने में ग्राम देवरी कलां में छपारा दमकल वाहन में सवार कर्मी रविन्द्र पटेल, सुभाष यादव सहित कर्मीयों को सफलता मिली जिसमें सुबह 10.30 से लेकर शाम 6 बजे तक लगातार यहां से वहां कडी मशक्कत कर भीषण आग तक पूरी तरह काबू पा ही लिया गया । आग ने इतना विकराल रूप धारण कर था की आसमान में कई किलोमीटर दूर से धुआं को देखा जा रहा था प्रशासन से क्षेत्र में आग से हुए आर्थिक क्षति का आकलन कर उचित मुआवजे की मांग क्षेत्रीय जनों द्वारा की जा रही है।

ग्राम झिंझरई में 2 एकड़ गेहूं की फसल बिजली की चिंगारी से जली

सिवनी नवभारत। जिले से 170 किलोमीटर सुदूर बिकास खंड घंसौर के ग्राम झिंझरई में किसान नारायण सिंह पटेल, उपेंद्र पटेल , अखिलेश पटेल के खेत में गेहूं की फसल जल गई। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि बिजली के झूलते तार की चिंगारी से आग लग गई ओर देखते देखते फसल जल गई। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि उदासीनता के चलते फसल जली। झूलते तार कई बार मांग के बाद ठीक नहीं किए वही फसल ओर गर्मी को देखते हुए बिजली बंद नहीं करना आग लगने का कारण है। बिजली विभाग की पूर्ण लापरवाही खसरा नंबर 25 रखवा 0.85 हेक्टर की फसल जलकर खाक हो गई। तत्काल फसल नुकसानी की मांग ग्रामीणों ने की। वही ग्रामीणों की बड़ी मशक्कत से आग बुझाई। वरना पूरे गांव के किसानों की फसल जल जाती। जिला प्रशासन से मांग है कि किसान को तत्काल फसल का मुआवजा दिया जावे।

मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने रखी मांग

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए सभी संगठनों से शामिल होने की अपील

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर खान सहाब भोपाल एवं प्रदेश महामंत्री शोएब राजा खान सहाब के निर्देश पर मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री एंव राष्ट्रपति एंव मुख्यमंत्री के नाम गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग का ज्ञापन देने जा रही है। मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद व्दारा समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि भारत में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर एकजुट होकर समर्थन प्रदान करें।

परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं कृषि व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रही है। विभिन्न धर्मों और समुदायों में गाय के प्रति सम्मान और उपयोगिता का विशेष महत्व है। गाय न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इसी उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की जाएगी कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर उसे विशेष संरक्षण प्रदान किया जाए।

परिषद ने सभी धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों से आग्रह किया है कि वे इस जनहित के मुद्दे पर एकजुट होकर ज्ञापन कार्यक्रम में भाग लें और अपने-अपने स्तर पर समर्थन व्यक्त करें। इससे समाज में भाईचारा, सौहार्द एवं एकता को भी बढ़ावा मिलेगा।

ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम 17/4/26 शुक्रवार समय दोपहर 3 बजे कलेक्टर/तहसील कार्यालय सिवनी निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश महामंत्री शोएब राजा खान के मोबाइल न. 9424381836 पर एंव जिलाध्यक्ष साजिद खान के मोबाइल न. 62618 62472 पर संपर्क कर सकते है।

कृषि मंथन में केवीके सिवनी के कार्यों की सराहना

सिवनी नवभारत। जबलपुर में आयोजित कृषि मंथन 2026 में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केवीके के स्टॉल का अवलोकन कर प्राकृतिक खेती आधारित कार्यों की सराहना की। वैज्ञानिकों ने कृषि सखियों के प्रशिक्षण एवं जैविक उत्पादों के प्रदर्शन की जानकारी दी। मूली सहित विभिन्न प्राकृतिक उत्पादों की गुणवत्ता को सराहा गया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राकृतिक खेती योजना से जुड़ी है। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने भी भाग लेकर नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

क्रिकेट का महायुद्ध आज, सेमीफाइनल में भिड़ेंगी टॉप टीमें

पॉलिटेक्निक ग्राउंड में ओपन जिम का ऐलान, मिलेगा लाभ

सिवनी नवभारत। शहर के पॉलिटेक्निक ग्राउंड में आयोजित अंडर-19 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा ने खिलाड़ियों और आम नागरिकों में उत्साह का माहौल बना दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही पॉलिटेक्निक ग्राउंड में ओपन जिम की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजिक अकील, पार्षद शिबू सेंगर तथा वरिष्ठ पत्रकार पृथ्वी जगने सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा एवं सचिव अब्दुल काबिज़ खान ने ग्राउंड में ओपन जिम की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक के लिए आते हैं। ऐसे में ओपन जिम की स्थापना से खिलाड़ियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष ने इस मांग को उचित बताते हुए आश्वासन दिया कि स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र ही ओपन जिम स्थापना की दिशा में कार्य किया जाएगा।

वहीं टूर्नामेंट के लीग मुकाबले समाप्त हो चुके हैं। अब सेमीफाइनल मैच 12 अप्रैल को खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल सुबह 8 बजे सिवनी एवं पांढुरना के बीच तथा दूसरा मैच दोपहर 12 बजे नागपुर एवं नरसिंहपुर के बीच होगा।

आयोजन समिति ने शहर के खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

पंडित प्रेम कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से चतुर्थ दिवस सुनाई शिव कथा

जड़ भरत प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन

सिवनी नवभारत। स्थानीय राजश्री पैलेस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा का रसपान कराने पधारे पंडित श्री प्रेम कृष्ण शास्त्री ने अपने मधुर वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा प्रारंभ होते ही वातावरण हरि नाम के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु पूरे मनोयोग से कथा श्रवण में लीन हो गए।

चतुर्थ दिवस की कथा में पंडित श्री प्रेम कृष्ण शास्त्री ने भगवान के विभिन्न दिव्य स्वरूपों का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न अवतारों के माध्यम से प्रकट होकर धर्म की रक्षा करते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं। उन्होंने शिव कथा का प्रसंग सुनाते हुए भगवान शिव की महिमा, उनकी करुणा और भक्तों के प्रति उनके असीम प्रेम का मार्मिक वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

इसके साथ ही जड़ भरत प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा भरत ने वैराग्य का मार्ग अपनाकर संसार के मोह-माया से दूर होकर आत्मज्ञान प्राप्त किया। यह प्रसंग मनुष्य को यह शिक्षा देता है कि जीवन में

आसक्ति ही दुख का कारण है और सच्चा सुख केवल प्रभु भक्ति में ही निहित है। कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का भी अत्यंत प्रेरणादायक वर्णन किया गया, जिसमें बालक ध्रुव की अटूट भक्ति, दृढ़ संकल्प और भगवान के प्रति अटूट विश्वास को उजागर किया गया। ध्रुव की तपस्या और भगवान विष्णु की कृपा से प्राप्त स्थान ने यह सिद्ध किया कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से असंभव भी संभव हो जाता है।

कथा के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और हर ओर भगवान के नाम का गुणगान गूंजता रहा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

आयोजकों द्वारा कथा के सफल संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, वहीं श्रद्धालुओं से आगामी दिनों में भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। यह महोत्सव क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

एक नजर में

सिवनी में अंबेडकर जयंती पर भाजपा के आयोजन

सिवनी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस वर्ष 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती जिलेभर में भव्य एवं व्यापक रूप से मनाई जाएगी। प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप सिवनी जिले के समस्त मंडलों में विविध आयोजन किए जाएंगे। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, संविधान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन द्वारा निम्नानुसार टीम का गठन किया गया है जिसमें संयोजक- मुकेश बघेल (जिला महामंत्री), सह-संयोजक- आशा ठेहरिया (जिला मंत्री) एवं सह-संयोजक- गोपाल पवने (जिला मंत्री) दी गयी जानकारी के अनुसार अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिलेभर में संगोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा, रैली, जनजागरूकता कार्यक्रम, संविधान एवं सामाजिक समरसता पर चर्चा जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

श्रमदान कर बोथिया घाट नाले की साफ-सफाई की

सिवनी। ग्राम पंचायत अहरवाडा, विकासखण्ड केवलारी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था न्यू प्रगति शील समिति चरगांव के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक समन्वयक श्री अशोक बेंद्रे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम अहरवाडा सहजपुरी स्थित बोथिया घाट नाला में सफाई अभियान चलाकर पानी के अंदर जमी गाद एवं कचरे को बाहर निकाला गया। इससे जल स्रोत को स्वच्छ बनाया गया, ताकि मवेशियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके तथा पानी स्नान योग्य भी बन सके। इस अवसर पर न्यू प्रगति शील समिति चरगांव के सचिव राजिक मंसूरी, परामर्शदाता मोतीराम हरदुआ सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्राम करैया में बिजली के खंबे ठीक किये जाये : भाकपा

सिवनी नवभारत। वर्तमान समय में अचानक मौसम खराब होने से आए तूफान के कारण गेहूं और चने की फसल प्रभावित हुई है तथा हवा तूफान के कारण सड़क के किनारे लगे सड़क मोहगांव के एवं ग्राम करैया मैं बिजली के खंभे तिरछे हो गए हैं जोकि दुर्घटनाओं को कभी भी अंजाम दे सकते हैं और बड़ी दुर्घटना तथा जान माल की हानि हो सकती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक डॉ बी सी ओके राजेंद्र जायसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश आनंद विश्वकर्मा प्रीतम उइके महेश पटेल गेंदलाल भलावी पवन कुमार सनोदिया इरफान पठान आदि ने बिजली विभाग के अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर से निवेदन किया है कि झुके हुए तिरछे खम्बो को अति शीघ्र सीधे किया जावे।

टेट परीक्षा के विरोध में धनौरा में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया

धनौरा नवभारत। माननीय सर्वोच्च न्यायालय की भावना के विपरीत लोक शिक्षण संचालनालय है एवं आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा देने हेतु आदेशित किया गया है एवं उत्तीर्ण न करने पर सेवा से मुक्त करने हेतु लेख किया गया है । संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के द्वारा लिए गए निर्णय के परिपेक्ष में दिनांक 8 अप्रैल को भारी संख्या में जिला मुख्यालय में उपस्थित होकर शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के विरोध में सभा एवं रैली निकालकर कलेक्टर को माननीय प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश को ज्ञापन सोपा था । अगली कड़ी में मध्य प्रदेश संयुक्त मोर्चा की आह्वान पर दिनांक 11 अप्रैल को मध्य प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालय पर टेट परीक्षा के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपने के क्रम में विकासखंड धनौरा के समस्त शिक्षकों ने जनपद पंचायत के सामने एकत्रित होकर सभा की जिसमें भारी संख्या में विकासखंड के समस्त शिक्षक उपस्थित हुए। मुख्य रूप से संतोष नगोत्र, दुर्गेश राय, ज्ञानेश्वर त्रिपाठी, कुंदन बट्टी, अब्दुल गफ्फार,सुनील कौरेती, सुरेश शाक्यवार मृदुला जायसवाल, संतोष राय, टीकाराम बकोड़े, राजकुमार राय, गायत्री साहू, कृष्ण मर्सकोले, मुकेश चौरसिया राजेंद्र श्रीवास्तव,माधव सोनी, भगलाल सल्लाम धनौरा ब्लॉक के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

विशेष संगठन पर मेहरबानी दिखा रहे जिला शिक्षा अधिकारी

सिवनी नवभारत। जिला शिक्षा अधिकारी किसी विशेष संगठन पर ही क्यों अपनी कृपा बरसा रहे हैं? मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी उच्च श्रेणी शिक्षक सहायक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक जिन्होंने 1 जुलाई 2023 को या उसके बाद 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण करेंगे उन समस्त शिक्षकों को चतुर्थ समय मान वेतनमान अपने आदेश क्र /1/1/13//0004/2026 -GAD -3-01(GAD) भोपाल दि. 26/3/26तथा 1/4/26 द्वारा प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं जिसका परिपालन समस्त जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा किया जाना प्रस्तावित है सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस आदेश की प्रतिलिपि समस्त विभागों के साथ ही प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों को प्रेषित की गई है किंतु देखने में या आ रहा है कि सिवनी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जब सिवनी जिले के शिक्षकों को या लाभ प्रदान करने के लिए आदेश प्रसारित किए गए उसमें एक विशेष संगठन को ही प्रतिलिपि प्रदान की जाती है उक्त आदेश में भी एक संगठन को ही आदेश की प्रतिलिपि प्रदान की गई है तथा शेष मानता प्राप्त संगठनों की अपेक्षा की गई है यह सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशों की अवहेलना है जिले में सभी मान्यता प्राप्त संगठन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किए गए इस आदेश की निंदा करते हैं तथा या अपेक्षा रखते हैं कि जब भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रतिलिपि प्रदान की जाए सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त संगठनों को भी प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें जिससे समस्त संगठनों की गरिमा सुनिश्चित हो सकेगी

आयोजन दिव्य शिक्षा आदर्श समिति गोपालगंज के तत्वावधान में आयोजित किया महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती कार्यक्रम

दिव्य शिक्षा आदर्श समिति ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

सिवनी नवभारत। ग्राम गोपालगंज के अग्रवाल लॉन में महान शिक्षाविद्,समाज सुधारक,क्रांतिवीर,महिला शिक्षा के सूत्रधार महात्मा ज्योतिबा गोविंद राव फुले की जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मचासीन अतिथियों के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष पिंजरिया ने सभा को संबोधित करते हुवे कहा कि आज के युग में भी जिनके कार्यों एवं सिद्धांतो को मानने की जरूरत है ऐसे क्रांतिवीर,महान समाज सुधारक ने अपने जीवन में महान तपस्या कर देश के लिए अपना जीवन न्योछावर किया है ऐसे व्यक्तित्व से आज भी हमको प्रकाश एवं प्रेरणा मिलती है हमे कुछ न कुछ उनके जीवन से सीखने की जरूरत है।

गजानंद पंचेश्वर जिला महामंत्री जिला भाजपा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर सभा में अपने विचार रखते

हुवे कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिना: सर्वे संतु निरामया की उक्ति आज के विकसित भारत में चरितार्थ होती है क्योंकि हमारे देश के संतो ने मानव धर्म को वरीयता दी खुद कष्ट सहे परन्तु समाज का कल्याण हमेशा चाहे आज महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वी जयंती मनाने के पीछे का कारण यह है कि हमें हमारे समाज के महापुरुषों के द्वारा किए गए सद्कर्मों को अपने हृदय में आत्मसात करे।उन्होंने आगे इकबाल की पंक्ति को याद करते हुवे कहा कि यूनान,मिश्र,रोम मिट गए परन्तु कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी याने कि भारत देश गुलामी के समय में जाति वर्ण व्यवस्था में सिमटने के बाद भी आज हमारा देश आजादी के बाद तेजी से तरक्की कर रहा है उसका कारण है हमारी संस्कृति और सभ्यता को हमने खोने नहीं दिया।

वरिष्ठ समाजसेवी श्री पूनाराम कुल्हाड़े जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्योतिबा फुले का जीवन संघर्षमय रहा उसके बावजूद भी उन्होंने समाज सेवा को प्राथमिकता दिया और अपनी धर्मपत्नी को शिक्षित कर 1848 में लड़कियों के लिए पहला विद्यालय पूना में खोला गया ।

गोपालगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध समाज सेवी श्री ताराचंद शिववेदी जी ने जन्म जयंती समारोह में महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रारंभिक जीवन पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि उनका जीवन उस दौर में कठिनाइयों से भरा पड़ा था घर के लोगों के द्वारा घर से निकाले जाने के बावजूद भी समाज सेवा को जारी रखा और पुणे महाराष्ट्र क्षेत्र में लगभग लड़कियों के लिए 18 विद्यालय खोले गए।

सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी ने अपने विचार रखते हुवे कहा कि 18 वी सदी में जिस भी कारणों से जातिगत भेद भाव रहे हो पर महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महापुरुषों के संघर्षों के कारण आज 21 वी सदी में सब एक है और महिलाओं की शिक्षा दर में कॉपी वृद्धि हुई है।

कुलदीप सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार रखे उन्होंने सभी को महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन चरित्र को अपने जीवन में अनुसरण करने की अपील की। नीलकंठ बाहेस्वर प्रवक्ता जिला माली मरार समाज ने अपने तेजस्वी उदबोधन में कहा कि आज के युग में भी महापुरुषों को याद करने की जरूरत क्यों है क्योंकि आज हमारा समाज कही न कही दिशा से भटक रहा है ।ऐसे समय में हमे हमारे महापुरुषों के जीवन से उनके द्वारा किए गए त्याग ,तपस्या से कुछ सीखने की जरूरत है इसलिए जयंती समारोह मनाकर उन्हें याद करने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में सभी को फलाहार वितरित किया गया ।संस्था के अध्यक्ष श्री रंजीत साहू जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इनकी रही उपस्थिति

आज के कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अशोक शिववेदी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं मेंटर्स श्री विशाल नागवंशी, यास्मीन एवं सबा तरन्नुम का सहयोग रहा ।संस्था के कर्मठ कार्यकर्ता पिंकेश विश्वकर्मा, श्रीमती माया भलावी, श्रीमती द्रोपति साहू,रवि अवधिया,सोनी अवधिया, अज्जू पंचेश्वर,ओम पंचेश्वर, बल्लू पंचेश्वर ,रवि पंचेश्वर आदि का सहयोग रहा।

ज्योतिबा फुले व कस्तूरबा गांधी को कांग्रेस ने अर्पित की पुष्पांजलि

सिवनी नवभारत। जिला कांग्रेस कार्यालय में महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक महात्मा ज्योतिराव फुले एवं कस्तूरबा गांधी जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने इन दोनो महान विभूतियों के छायाचित्र पर दीपप्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया।

तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पअर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। अपने सम्बोधन में नरेश मरावी ने कहा कि महात्मा फुले जिन्होंने महिला शिक्षा, जाति आधारित भेदभाव और छुआछुत के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया, अपनी पत्नि सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर उन्होंने देश में पहला बालिका विद्यालय खोला। छुआछुत, बाल विवाह, सामाज में व्याप्त कुरीतियों का पुरजोर विरोध किया, उनका मानना था कि असमानता और सामाजिक अन्याय का सबसे प्रभावी इलाज शिक्षा ही है।, उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर वंचित वर्गो को सामाजिक और शैक्षणिक न्याय दिलाने का काम किया।

श्री मरावी ने आगे कहा कि कस्तूरबा गांधी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन अपने पति महात्मा गांधी जी के पदचिन्हों पर चलते हुये देश के लिए समर्पित कर दिया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव मो. हनीफ खान, जेपीएस तिवारी, मोहनसिंह चंदेल, पवन दिवाकर, विष्णुकरोसिया, रंजीत यादव, राजिक अकील, आदित्य मोन्टू भूरा, श्रीमती गीतासिंह ठाकुर, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, रितिक राय, किशोरी कुंजाम, सरदारसिंह बघेल, शिवदीप डेहरिया, श्यामसिंह माली, सोहेल अमन खान, सतेन्द्र बघेल, नवनीत सिंह बघेल की उपस्थिति रही।